

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

01 जून 2024

**प्रिय साथियो,**

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.90 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर अब तक का अपना सबसे अधिक लाभांश घोषित किया है। यह उपलब्धि हमारे पिछले रिकॉर्ड, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 1.85 रुपये प्रति इक्विटी शेयर से अधिक है। हमारे शेयरधारक हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, यह हमारी अटूट, निरंतर और मजबूत लाभांश भुगतान इतिहास से परिलक्षित हो रहा है। एनएचपीसी अपनी लिस्टिंग के बाद से लगातार लाभांश का भुगतान कर रही है और वर्तमान लाभांश भुगतान शुद्ध लाभ के 50 प्रतिशत से अधिक है।

मानसून का मौसम नजदीक आ रहा है, मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि हमारे पावर स्टेशनों के संचालन में सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दें। आने वाले महीनों में हमारी परियोजनाओं और पावर स्टेशनों में भारी बारिश और अप्रत्याशित मौसम का पैटर्न बन सकता है, जिसके लिए सतर्कता और सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना आवश्यक है। हमारी तैयारियां संभावित आपदाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। ऐसी तैयारियाँ हमारी टीम के सदस्यों, परियोजनाओं की संपत्ति और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।

इस महीने, मैंने निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) श्री आर.के. चौधरी के साथ 5 मई 2024 और 22 मई 2024 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। दौरे के दौरान डायवर्जन टनल-1 की प्लगिंग और यूनिट नंबर#3 के जनरेटर बैरल में स्टेटर लोअरिंग जैसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए गए। हमने 6 से 7 मई 2024 तक दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना में चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डायवर्जन टनल इनलेट और टेल रेस टनल स्थलों पर भूमिगत कार्यों के लिए उद्घाटन विस्फोट किया गया। मई माह के अंत में, हमने 25 से 27 मई 2024 तक टीएलडीपी-III, टीएलडीपी-IV और तीस्ता-V पावर स्टेशनों और तीस्ता-VI परियोजना का भी दौरा किया।

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार के साथ मैंने और श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने 8 से 9 मई 2024 तक दुलहस्ती पावर स्टेशन, कीरू, क्वार, पकल दुल और रतले जलविद्युत परियोजनाओं का दौरा किया। दौरे के दौरान हमने सचिव (विद्युत) महोदय को इन परियोजनाओं की निर्माण गतिविधियों और कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराया।

एमएनआरई-आरईआईए योजना के अंतर्गत, एनएचपीसी ने सौर ऊर्जा की खरीद के लिए अप्रैल/मई 2024 में आठ सौर ऊर्जा डेवलपर्स के साथ 3000 मेगावाट के लिए बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। अक्षय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में एनएचपीसी ट्रेडिंग मार्जिन अर्जित करेगी।

इसके अतिरिक्त 13 मई 2024 को, नेपाल के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में काठमांडू (नेपाल) में वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना के लिए ग्रिड कनेक्टिविटी हेतु एनएचपीसी और राष्ट्रीय प्रसारण ग्रिड कंपनी लिमिटेड (आरपीजीसीएल), नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

एनएचपीसी को 23 मई 2024 को 'द इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड फ्यूचर रेडी ऑर्गनाइजेशन अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया। यह हमारी संगठनात्मक उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह प्रतिष्ठित सम्मान एनएचपीसी कार्मिकों के कौशल विकास, ईएसजी पहल, डीईई एंड आई पहल, निरंतर तकनीकी उन्नयन, इंप्लाई एंगेजमेंट, मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन रणनीति आदि जैसे क्षेत्रों में हमारी सक्रिय भागीदारी को मान्यता देता है।

मई 2024 तक का कुल संचयी राजस्व संग्रह 1264.85 करोड़ रुपये रहा। मई 2024 के अंत में सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 4256 एमयू तक पहुंच गया।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएँ:**

- एनएचपीसी में 1 मई, 2024 को साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया, जिसमें CERT-In के श्री आशुतोष बहुगुणा द्वारा "साइबर रेजिलिएन्स एंड एआई थ्रेट्स" पर व्याख्यान दिया गया।
- 3 मई 2024 को निदेशक (तकनीकी और परियोजनाएँ) ने हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री प्रबोध सक्सेना और हिमाचल प्रदेश सरकार के विशेष सचिव श्री अरिंदम चौधरी से शिमला में मुलाकात की। इस दौरान डुगर जलविद्युत परियोजना से संबंधित मुफ्त बिजली मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने हेतु बातचीत की गई।
- एनएचपीसी अधिकारियों द्वारा लिखित एक तकनीकी पेपर को स्प्रिंगर प्रकाशक, जर्मनी द्वारा प्रतिष्ठित 'लेक्चर नोट्स इन सिविल इंजीनियरिंग' में शामिल किया गया है।
- एनएचपीसी ने 16 मई से 31 मई 2024 तक देश भर में अपने सभी स्थानों पर 'स्वच्छता पखवाड़ा 2024' मनाया, जिसमें विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
- 18 मई 2024 को, अपोलो अस्पताल और आई7 अस्पताल के सहयोग से एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में एक निःशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य/नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 262 लोगों को लाभ मिला। इसके अतिरिक्त, 29 मई, 2024 को निगम मुख्यालय में एक फ्लू टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 42 लाभार्थियों को टीका लगाया गया।
- एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकों ने पार्बती-II जलविद्युत परियोजना और पार्बती-III पावर स्टेशन का दौरा किया।
- 3 मई, 2024 को, एनएचपीसी ने पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की 70वीं कार्यकारी समिति की बैठक की मेजबानी की जिसमें अंतर सीपीएसयू खेल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सभी सदस्य पीएसयू को शील्ड प्रदान की गई।
- 2 मई, 2024 को, एनएचपीसी कर्मचारियों ने बेंगलुरु में टीसीएस वर्ल्ड 10K रन में भाग लिया और चयनित एनएचपीसी धावकों को 2023 के लिए प्रोकैम स्लैमर चैंपियन मेडल से सम्मानित किया गया।

जून माह में हम विश्व पर्यावरण दिवस और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। आइए हम पर्यावरण चेतना और स्वस्थ जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को अपनाएं और उन्हें अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। मैं बकरीद के आगामी पर्व की शुभकामनाएं देता हूँ।

भवदीय,

राजेन्द्र गोयल

**(आर.पी. गोयल)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**